B.Ed.
(परिवर्धित)

# बी. एड. (परिवर्धित) पाठ्यक्रम हेतु दत्तकार्य

## प्रथम वर्ष

## जनवरी 2018 सत्र

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय


शिक्षा विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली—110068

# बी. एड. (परिवर्धित) पाठ्यक्रम हेतु दत्तकार्य

## जनवरी 2018 सत्र

## बी.ई.एस. 121 : बाल्यावस्था एवं वृद्धि

**निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिये.**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं.**

1. मानव विकास के चार प्रमुख मुद्दों की चर्चा कीजिये.
2. किशोरों में आत्मबोध और आत्म प्रबंधन के विकास के लिए आवश्यक मूलभूत कौशलों की उदाहरण सहित व्याख्या कीजिये.
3. उद्धरण देकर स्पष्ट कीजिये कि किस प्रकार सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी समाजीकरण के विभिन्न स्वरूपों को बढ़ावा देती है?

## बी.ई.एस 122 : समकालीन भारत एवं शिक्षा

**निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिये.**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं.**

1. भारत में शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न संवैधानिक प्रावधानों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिये.
2. प्लेटो तथा जॉन डीवी के शैक्षिक दर्शनों में उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से समानताएं और भिन्नताएं बताइए.
3. विद्यालय पाठ्यचर्या में विशिष्ट पाठ्यचार्यात्मक मुद्दों का परिक्षण कीजिये. विद्यार्थियों के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए पदइन मुद्दों से कैसे निपटना चाहिए? अपने विचार दीजिये.

## बी.ई.एस. 121 : अधिगम एवं शिक्षण

**निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिये.**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं.**

1. अधिगम के व्यवहारवादी उपागम से आप क्या समझते हैं? शास्त्रीय अनुकूलन और क्रियाप्रसूत अनुकूलन उपागमों की कक्षा–कक्ष उपादेयताओं को स्पष्ट करते हुए इनमे अन्तर स्पष्ट कीजिये.
2. क्या व्यक्तियों में सृजनात्मकता के आधार पर भिन्नता होती है? व्याख्या कीजिये. आप अपने शिक्षार्थियों में सृजनात्मकता का विकास कैसे करेंगे? अपनी कक्षा कक्ष परिस्थिति से उचित उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिये.
3. किन्हीं दो कक्षा कक्ष परिस्थितियों की पहचान कीजिये जिनमे आप सहकारी अधिकम उपागम का प्रयोग कर सकें. इनमे से प्रत्येक परिस्थिति में आप किस तकनीकी का प्रयोग करेगे और क्यों? व्याख्या कीजिये.

## बी.ई.एस. 124 : पाठ्यचर्या पर्यंत अधिगम

**निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिये.**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं.**

1. भाषा के दैनिक रूप से प्रयोग होने वाले स्वर–विस्तार (तमहपेजमते) शैक्षणिक पंजिकाओं से किस प्रकार भिन्न हैं? अपने उत्तर के समर्थन में दैनिक जीवन की विभिन्न परिस्थितियों तथा विभिन्न शास्त्रों से उदाहरण दीजिये.

2. अधिगम में सहायता प्रदान करने के लिए निम्नलिखित शास्त्रों (क्पेबपचसपदमेकपेबपचसपदमे) में प्रत्येक के लिए एक लेखन कार्य का निर्माण कीजियेरू

   अ) सामाजिक विज्ञानय

   आ) विज्ञानय तथा

   इ) गणित.

   शास्त्रों की प्रकृति के आधार पर ये कार्य किसप्रकार सामान या भिन्न होंगे? चर्चा कीजिये.

3. 'आलोचनात्मक पठन' से आप क्या समझते हैं? सामाजिक विज्ञान और विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों से एक ऐसा अनुच्छेद चुनिए जो शिक्षार्थियों को निम्नलिखित में समर्थ बनायेरू

   अनुमानय

   मूल्यांकनय तथा

   अभिप्राय निर्माण.

## बी.ई.एस. 125 : शास्त्रों और विषयों की समझ

**निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिये.**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं.**

1. शास्त्र के संप्रत्यय की व्याख्या कीजिये. शास्त्र के विभिन्न स्वरूपों की उचित उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिये.
2. शास्त्रों के विविध परिप्रेक्ष्यों का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिये.
3. शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षणशास्त्र क्या है? शिक्षार्थी केन्द्रित शिक्षणशास्त्र किस प्रकार शिक्षार्थियों की अपने ज्ञान के सृजन में सहायता करता है? उचित उदाहरणों की सहायता से स्पष्ट कीजिये.

## बी.ई.एस. 141 : विज्ञान शिक्षण

**निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिये.**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं.**

1. उच्च प्राथमिक स्तर और माध्यमिक स्तर की विज्ञान पाठ्यचर्या में आप क्या अंतर पाते हैं? दोनों स्तरों के शिक्षार्थियों के साथ कार्यरत एक विज्ञान शिक्षक के लिए क्या युक्तियाँ सुझायेंगे?
2. विज्ञान शिक्षण में शिक्षक निर्मित अधिगम संसाधनों का महत्व स्पष्ट कीजिये. कक्षा ६ की विज्ञान पाठ्यपुस्तक से कोई पांच (५) प्रकरण चुनकर प्रत्येक के लिए एक–एक स्वनिर्मित अधिगम संसाधन सुझाइए.
3. विज्ञान शिक्षण में इकाई नियोजन का महत्व स्पष्ट कीजिये. कक्षा १० की विज्ञान पाठ्यपुस्तक से अपनी रूचि का एक प्रकरण (इकाई ५ में दिए गए उदाहरण के अतिरिक्त) चुनकर उसपर एक योजना बनाइये.

## बी.ई.एस. 142 : सामाजिक विज्ञान शिक्षण

**निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिये.**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं.**

1. सामाजिक विज्ञान को परिभाषित कीजिये. सामाजिक विज्ञान शिक्षण के उपागमों का संक्षिप्त वर्णन कीजिये.
2. सरकारों के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन कीजिये. अपने विद्यार्थियों को यह प्रकरण पढ़ने के लिए एक शिक्षण–अधिगम युक्ति का निर्माण कीजिये.

3. माध्यमिक स्तर की सामाजिक विज्ञान पाठ्यचर्या से अपनी रूचि का एक प्रकरण चुनिए. ५–ई उपागम का प्रयोग करते हुए चुने गए प्रकरण पर एक पाठयोजना बनाइये.

## बी. ई. एस. 43 : गणित शिक्षण

**निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिये.**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं.**

१. गणित में सृजनात्मक चिंतन से आप क्या समझते हैं? अपनी कक्षा के बच्चों में गणित में सृजनात्मकता को आप कैसे प्रोत्साहित करेंगे?

2. चतुर्भुज से आप क्या समझते हैं? चतुर्भुजों और उनके संबंधों के संप्रत्यय को आप कैसे विकसित करेंगे?

3. गणित शिक्षण के पाठनियोजन के महत्व की चर्चा कीजिये. कक्षा 9 की गणित पाठ्यपुस्तक से एक प्रकरण चुनकर उसपर 5–ई उपागम आधारित एक पाठ योजना बनाइये.

## BES-144 PEDAGOGY OF ENGLISH

**Answer the following questions in about 500 words each-**

**All the questions are compulsory-**

1. The National Curriculum Framework&2015 outlines certain objectives for language teaching for high school- EÛamine the English teÛtbook of the class you are teaching and discuss how these objectives are reflected and realized in the teÛtbook-
2. Which method] in your opinion] is the most effective for teaching oral skills\ Discuss how you will organize group activity around that method keeping in mind:
   - Size of the class
   - Number of groups and size of groups
   - Distribution of the kind of learners in each group
   - Activity to be undertaken
   - Language focus
3. What factors/aspects of the learner would you keep in mind while designing speaking tests\ Develop a rating scale ¼on a scale of 5½ to test spoken English and list the underlying criteria-

## बी.ई.एस.– 145 हिन्दी शिक्षण प्रविधि

**निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिये.**

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं.**

1. हिन्दी भाषा शिक्षण के महत्व तथा उद्देश्यों को बताइये। (500 शब्द)

2. कविता शिक्षण के उद्देश्यों , प्रणालियों तथा काव्यात्मक अभिरुचि बढाने के साधनों को समझाइये। (500 शब्द)

3. पठन कौशल के प्रकारों को समझाइये। पठन सम्बन्धी त्रुटियों के कारण ओर उनको दूर करने के उपायों के चर्चा कीजिये। (500 शब्द)